RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 अंक 56 | नागौर, 19 जनवरी, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## आईएनएस रणवीर में विस्फोट
# भारतीय नौसेना के तीन सैनिक शहीद

**नई दिल्ली.**

मुंबई में नौसेना डाकयार्ड में भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस रणवीर में मंगलवार को हुए विस्फोट में नौसेना के तीन जवान शहीद हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। भारतीय नौसेना के बयान में कहा गया है, मुंबई नेवल डाकयार्ड में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, आईएनएस रणवीर के एक आंतरिक कंपार्टमेंट में विस्फोट के कारण नौसेना के तीन सैनिकों की मौत हो गई। जहाज के चालक दल ने तुरंत प्रतिक्रिया करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। फिलहाल किसी बड़े नुकसान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है।

बताया जा रहा है कि आईएनएस रणवीर नवंबर 2021 से पूर्वी नौसेना कमान से क्रास कोस्ट आपरेशनल तैनाती पर था और जल्द ही बेस पोर्ट पर लौटने वाला था। इस घटना के कारणों की जांच के लिए एक बोर्ड आफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

# बढ़ा खतरा : तीसरी लहर में पहली बार प्रदेश में 1 दिन में 9 मौतें
## प्रदेश में 9711 नए कोरोना संक्रमित केस आये

जयपुर।

राजस्थान में मंगलवार को 9 कोरोना संक्रमितों ने दम तोड़ दिया। तीसरी लहर में एक दिन में मौतों का आंकड़ा यह सबसे ज्यादा है। बीते 15 दिन में 55 मरीजों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 9711 नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं। एक्टिव केस की संख्या बढ़कर अब 69 हजार 388 हो गई है। 7056 कोविड मरीज रिकवर हुए हैं। मंगलवार को जयपुर और जोधपुर में 2-2 मौतें रिकॉर्ड की गई हैं। 5 जिलों- अजमेर, अलवर, दौसा, करौली, बीकानेर में 1-1 मौतें हुई हैं। जयपुर में सबसे ज्यादा मंगलवार को 2358 मरीज मिले हैं। जोधपुर में 801, उदयपुर में 677, अलवर में 568, कोटा में 563, पाली में 569 संक्रमित मिले हैं।

**कहां-कितने मरीज मिले :** अजमेर में 270, अलवर में 568, बांसवाड़ा में 9, बारां में 101, बाड़मेर में 239, भरतपुर में 536, भीलवाड़ा में 90, बीकानेर में 358, बूंदी में 53, चित्तौड़गढ़ में 380, चूरू में 252, दौसा में 85, धौलपुर में 115, डूंगरपुर में 47, गंगानगर में 84, हनुमानगढ़ में 426, जयपुर में 2358, जैसलमेर में 117, जालोर में 25, झालवाड़ में 94, झुंझुनूं में 38, जोधपुर में 801, करौली में 17, कोटा में 563 संक्रमित मिले हैं। नागौर में 85, पाली में 569, प्रतापगढ़ में 125, राजसमंद में 31, सवाईमाधोपुर में 205, सीकर में 204, सिरोही में 68, टोंक में 121, उदयपुर में 677 केस मिले हैं।

**जयपुर के सोडाला में सबसे ज्यादा केस** : जयपुर के सोडाला में 99, मालवीय नगर में 78, जवाहर नगर में 75, झोटवाड़ा में 72, गोपालपुरा पर 71, गांधी नगर में 69, सी-स्कीम में 67, विद्याधर नगर में 62, प्रताप नगर में 59, टोंक रोड पर 58, झालाना में 56, जगतपुरा में 54, सीतापुरा में 51, आदर्श नगर में 50, अजमेर रोड पर 44, बनीपार्क में 45, इंदिरा गांधी नगर में 43, जेएलएन मार्ग पर 41,



लालकोठी पर 47, मानसरोवार में 49, पत्रकार कॉलोनी में 46, बनीपार्क में 45, अजमेर रोड पर 44, दुर्गापुरा में 44, सांगानेर में 41, श्याम नगर में 40, जिनके पते नहीं मालूम ऐसे 40, सिविल लाइंस में 40, खो नागौरियान में 40, एयरपोर्ट पर 39, शास्त्री नगर में 37, गांधी नगर में 39, त्रिवेणी नगर में 38, किरण पथ पर 34, चित्रकूट में 32, सिरसी में 31, ब्रह्मपुरी में 30, अग्रवाल फॉर्म पर 27 कोविड पॉजिटिव मिले हैं।

# राहत : भारत में फुल लॉकडाउन की नहीं जरूरत
## मौजूदा उपाय काफी : डब्ल्यूएचओ




नई दिल्ली।

भारत में कोरोना वायरस की तीसरी लहर के मामले बढ़ने के बावजूद फिलहाल फुल लॉकडाउन लगाने की जरूरत नहीं है। यह बात वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कही है। डब्ल्यूएचओ के भारत में प्रतिनिधि रॉड्रिको एच. ऑफ्रिन का कहना है कि भारत जैसे देश में कोरोना को फैलने से रोकने के लिए फुल लॉकडाउन लगाने और ट्रैवल बैन करने जैसे कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि महामारी से लड़ने के लिए रिस्क के हिसाब से बैन लगाने की स्ट्रैटजी बनानी चाहिए।

ऑफ्रिन ने बताया कि डब्ल्यूएचओ पूरी तरह से ट्रैवल बैन लगाने या लोगों का मूवमेंट रोकने का सुझाव नहीं देता है। ऐसे बैन लगाने से फायदे से ज्यादा नुकसान होता है। भारत जैसे देश में जहां आबादी के बंटवारे में इतनी विविधता है, वहां महामारी से लड़ने के लिए रिस्क-बेस्ड अप्रोच को फॉलो करना समझदारी लगती है। मौजूदा हालातों, हेल्थ सेक्टर की क्षमताओं और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए सरकार को महामारी रोकने के लिए उपाय तैयार करने चाहिए। अगर सभी नियमों का पालन किया जाएगा तो लॉकडाउन लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

**मास्क लगाने और वैक्सीन कवरेज बढ़ाने जैसे उपाय असरदार**-ऑफ्रिन ने कहा कि अभी जो हालात हैं, उसमें मौजूदा टूल्स और उपाय असरदार साबित हो रहे हैं। वैक्सीनेशन कवरेज बढ़ाने, मास्क का इस्तेमाल करने, हाथों का हाइजीन और फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखने, इनडोर स्पेस को वेंटिलेट करने और भीड़ में नहीं जाने से संक्रमण की चेन को तोड़ने में मदद मिलती है। अगर इन सबका पालन हो रहा है तो लॉकडाउन जरूरी नहीं है।

# 26 से पहले पाक की आतंकी साजिश नाकाम

नई दिल्ली।

पाकिस्तानी सरकार फिलहाल चौतरफा परेशानियों से घिरी है, इसके बावजूद पड़ोसी देशों में आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रही। दिल्ली पुलिस की खुफिया रिपोर्ट ने एक बार से फिर से इस बात को सही साबित किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 14 जनवरी को दिल्ली में गाजीपुर फूल मंडी से बरामद आईईडी को पाकिस्तान में तैयार किया गया था।

इसे जमीन के जरिए या फिर समुद्री रास्ते से भारत भेजा गया। रिपोर्ट के मुताबिक-आईईडी में अमोनियम नाइट्रेट, आरडीएक्स, नौ वोल्ट की एक बैटरी और लोहे के छोटे-छोटे टुकड़े थे। सुरक्षा बलों ने करीब 3 किलो विस्फोटक नष्ट कर दिया और बाकी को जांच के लिए हरियाणा के मानेसर में नेशनल बॉम्ब डेटा सेंटर भेज दिया। विस्फोटक को भारत लाने जिम्मेदारी अफगानिस्तान के ड्रग्स तस्करों को सौंपी गई थी।

# पंजाब में भगवंत 'आप' का सीएम चेहरा

चंडीगढ़.



पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने सीएम चेहरे का औपचारिक ऐलान कर दिया। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल मोहाली पहुंचे और उन्होंने भगवंत मान के नाम का ऐलान किया। आप ने सीएम कैंडिडेट चुनने के लिए मोबाइल नंबर जारी करके जनता की राय मांगी थी। 3 दिन में 21.59 लाख लोगों ने राय दी। करीब 15 लाख लोगों ने भगवंत मान का नाम लिया है। केजरीवाल ने इस रिजल्ट के साथ ही भगवंत मान के नाम का ऐलान करते हुए कहा कि मान को 93.3% और सिद्धू को सिर्फ 3.6% वोट मिले। अरविंद केजरीवाल पहले ही कहा था कि वह पंजाब में सीएम की दौड़ में नहीं हैं। पंजाब का सीएम चेहरा सिख समाज से होगा। 2017 में आप को इसी वजह से बड़ा झटका लगा था कि सीएम फेस सिख समाज से नहीं था। विरोधियों ने कहा कि बाहर से आकर कोई मुख्यमंत्री बन सकता है, जिससे पंजाबी आप से दूर होते चले गए।

**सिद्धू पर भी कसा तंज**-अरविंद केजरीवाल सिद्धू पर भी तंज कसने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि सब हमसे पूछते थे कि आम आदमी पार्टी का दूल्हा कौन है तो हमने इसकी घोषणा कर दी है। बता दें कि नवजोत सिद्धू ही केजरीवाल पर निशाना साधते थे कि उनकी बारात पूरे पंजाब में घूम रही है, लेकिन दूल्हा कौन है, उसका पता नहीं है।

**हरे रंग का पैन चमचों नहीं गरीबों के हक में चलेगा**-मान ने कहा कि अगर हरे रंग का पैन मेरे हाथ में आया तो वह हमेशा जरूरतमंद और गरीबों के हक में चलेगा। वह किसी चेले या चमचे के हक में नहीं चलेगा। मान ने कहा कि हमें जंग जीतने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी। पंजाब पैरों पर खड़े होना जानता हैं। पंजाब की धरती पर गिद्दा और भंगडा डालते हुए दिखाएंगे। जो यूथ IELTS कर विदेश जा रहे हैं, उन्हें भी यहीं रोकेंगे। सबको डिग्री के मुताबिक पंजाब में ही नौकरी दिलाएंगे।

**नहीं रखी कोई प्रतियोगिता**-आप यह दावा जरूर कर रही है कि पहली बार उसने जनता की राय से सीएम चेहरा तय किया। इसमें कोई प्रतियोगिता नहीं रखी गई थी। हालांकि आप ने नेताओं के नाम आगे करके वोटिंग नहीं करवाई। बता दें कि भगवंत मान के अलावा विधानसभा में विपक्ष के नेता हरपाल चीमा और कुलतार संधवां को भी इस रेस में माना जा रहा था।

**प्रचार अब भी केजरीवाल के चेहरे पर**-पंजाब में आप का प्रचार अभी भी अरविंद केजरीवाल के चेहरे पर हो रहा है। आप केजरीवाल के नाम पर पंजाब में एक मौका मांग रही है।

# प्रदेश में 21 व 22 जनवरी को एक्टिव होगा नया वैदर सिस्टम, बढ़ेगी ठंड

जयपुर.

मौसम विभाग के मुताबिक 21 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग व पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर एवं जोधपुर संभाग के जिलों में बारिश होगी। दिन में तेज ठंड और घने कोहरे की स्थिति भी 48 घंटे तक बने रहने की संभावना है।

### प्रदेश में 22, 23 जनवरी को बादल छाए रहेंगे

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर जिले में बारिश होने की संभावना है। 22 और 23 जनवरी को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। जयपुर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।



### कोटा में अधिकतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस

पिछले 24 घंटों में कोटा संभाग में सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। कोटा में अधिकतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि औसत से 12.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि औसत से 7.9 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

### कोटा जिले में कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कोटा जिले में कोहरे व कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर जिलों में कोहरे और तेज सर्दी का असर रहेगा। अजमेर, अलवर, बूंदी, बारां, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, झुंझुनूं, सीकर, टोंक जिलों में शीतलहर और घने कोहरे की संभावना जताई हैं। बीकानेर में भी कोहरा छा सकता है। इन सभी जिलों को यलो अलर्ट की श्रेणी में रखा गया।

# कुल्लू में गहरी खाई में गिरी जेसीबी : 7 सवारों में से 4 की मौत

**कुल्लू.** हिमाचल के कुल्लू जिला के बंजार उपमंडल में गाड़ा गुशैणी एरिया में पेड़चा मार्ग पर एक जेसीबी सड़क से खाई में जा गिरी। जेसीबी में 7 लोग सवार थे और हादसे में महिला समेत 4 की मौत हो गई। 3 अन्य को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंजार से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के लिए रेफर कर दिया है।

बताया गया है कि सड़क के निर्माण कार्य के लिए जा रही जेसीबी में 7 व्यक्ति सवार थे। जेसीबी अनियंत्रित होकर पेड़चा मार्ग पर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में जुट गई। इसके बाद राहत दल ने 52 वर्षीय चमन, 51 वर्षीय पलकू राम और 50 वर्षीय ताराचंद सहित चार लोगों को घायल अवस्था में खाई से बाहर निकाला गया। घायलों को एंबुलेंस से बंजार के अस्पताल भेजा गया।

# 40 किलोमीटर के 15 गांवों में उल्का पिंड खोजेगा इसरो

नागौर.

15 दिन पहले हुई खगोलीय घटना को लेकर रिसर्च शुरू हो गया है। देशभर के वैज्ञानिक जांच में जुट गए हैं। अब इस रिसर्च को लेकर इसरो की फिजिकल रिसर्च लैब की टीम ने भी काम शुरू कर दिया है। नागौर के बड़ायली स्थित एक होटल के सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हुई है। इसे देखकर वैज्ञानिकों की टीम ने संभावना जताई है कि वहां से उत्तर दिशा में 40 किलोमीटर के क्षेत्र में उल्का पिंड गिरा है। इसके पार्टिकल्स खोजने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इसके लिए टीम आस-पास से भी फुटेज जुटाने के साथ इस पूरे एरिया को ट्रैक कर रही है।

इसरो साइंटिस्ट नरेंद्र भंडारी की टीम में काम करने वाले रिसर्चर प्रतीक तिवाड़ी ने बताया कि दैनिक भास्कर के माध्यम से उन्हें इस घटना के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने अपने सभी टीम साइंटिस्ट और सीनियर को फुटेज भेजा। वो लगातार इस खगोलीय घटना को लेकर पड़ताल में जुटे हैं। अब आगे कि रिसर्च के लिए पार्टिकल्स खोजना बेहद जरूरी है। साइंटिस्ट इसके लिए नागौर विजिट का प्लान भी बना रहे हैं।

### नागौर में आसमान से गिरे आग के गोले थे पार्टिकल्स ढूंढकर रिसर्च करेंगे साइंटिस्ट



### इन 15 गांवों के एरिया को करेंगे ट्रैक

रिसर्चर प्रतीक तिवाड़ी ने बताया कि नागौर के ढावा, जारोड़ा कलां, मेड़ता रोड, लाई, मेड़ता सिटी, खेडूली, पांडू खां, कलरु, जालसू नानक, सरसंडा, ईड़वा, सुंदरी, पालियास, बग्गड़ और जलवाना गांवों के एरिया को ट्रैक किया जाएगा। यहां सर्च ऑपरेशन के माध्यम से इनके पार्टिकल्स के बारे में पता लगाया जाएगा। टीम इन गांवों से कुछ फुटेज भी तलाशने में जुटी है। टीम 3 जनवरी की रात 1 बजे के बाद वाले सीसीटीवी फुटेज भी तलाश कर रही है।

राजस्थान में अब तक 21 उल्का पिंड गिर चुके- राजस्थान में अब तक 21 उल्का पिंड गिर चुके हैं। ।2000 के बाद, 6 अलग-अलग प्रकार के उल्का पिंडों की पहचान की गई। उन्हें आधिकारिक नाम दिए गए हैं। उल्का पिंडों को उनके गिरने या खोजे जाने के स्थान के अनुसार नाम दिए गए हैं। इसरो की फिजिकल रिसर्च लैब के स्पेस साइंटिस्ट डॉक्टर नरेंद्र भंडारी ने बताया कि उल्का पिंड के पार्टिकल्स की स्टडी करने से सौर मंडल के गठन और पृथ्वी पर जीवन के विकास के रहस्य का पता करने में मदद मिल सकती है।

ऐसे होते हैं उल्का पिंड-रिसर्चर साइंटिस्ट प्रतीक तिवाड़ी ने बताया कि उल्का पिंड पत्थर या लोहे से भरपूर पिंड होते हैं, जो ग्रहों के हिस्से होते हैं। ये टूटे हुए या फिर तैरते हुए मिल सकते हैं। अधिकांश उल्का पिंड पूरी तरह से वातावरण में जल जाते हैं। कभी-कभी धरती पर आने के बाद बचे हुए टुकड़े मिल जाते हैं।



### उल्का पिंडों के ये हैं नाम

**इटावा भोपजी (2000)**
**अरारकी (2001)**
**भवाद (2002)**
**कावरपुरा (2006)**
**मुकुंदपुरा (2017)**
**सांचौर (2020, वर्तमान में वर्गीकरण के तहत)**

## सम्पादकीय

# टीका और सुरक्षा

लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण कार्यक्रम का एक साल पूरा हो चुका है। सरकार का दावा है कि इस एक साल में एक सौ सत्तावन करोड़ से ज्यादा टीके लगाए जा चुके हैं। जाहिर है, आबादी के बड़े हिस्से को टीका लग गया है। आकंड़ों के हिसाब से देश की तिरानवे फीसद आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। करीब सत्तर फीसद लोगों को दोनों खुराकें लग चुकी है। इससे इतना तो सुनिश्चित हुआ कि लोगों को तात्कालिक तौर पर सुरक्षा कवच मिल गया और जान जोखिम में पड़ने से बची। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि महामारी से जंग में टीका निर्णायक साबित हुआ है। तीसरी लहर के दौरान यह बात सामने आई भी है कि इस बार मौतों के जितने मामले सामने आ रहे हैं, उनमें से अधिकतर वे लोग थे जिन्होंने टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। हालांकि ऐसे भी मामले आते रहे हैं कि टीकाकरण के बावजूद लोग नहीं बच सके। पर ऐसे मामलों की संख्या कम ही है और जांच में पता चला कि ऐसे मरीज किसी न किसी गंभीर बीमारी से पहले से ग्रस्त थे। पर इसमें तो कोई संदेह नहीं कि टीकाकरण ने करोड़ों लोगों को सुरक्षा के घेरे में ला दिया।

भारत जैसे विशाल देश में सफल टीकाकरण कोई आसान काम भी नहीं है। इतनी बड़ी आबादी को जल्द से जल्द टीका लगाने के लिए जिस युद्धस्तर पर कवायद शुरू की गई, वह अपने में महाभियान ही है। सबसे पहले 16 जनवरी 2021 से स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का काम शुरू हुआ था क्योंकि अस्पतालों में संक्रमित मरीजों के बीच रह कर काम यही लोग कर रहे थे। फिर अग्रिम मोर्चे के लोगों जैसे पुलिस, सुरक्षाबलों को, उसके बाद साठ साल से ऊपर की बुजुर्ग आबादी और पैंतालीस से साठ साल के गंभीर रोगों से ग्रस्त लोगों को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया गया। टीकाकरण में तेजी उस वक्त आई जब एक मई 2021 को अठारह साल से ऊपर की वयस्क आबादी को टीके लगाने की घोषणा हुई। तीन जनवरी से पंद्रह से अठारह साल के किशोरों को टीका लगाने का काम शुरू हो चुका है। मार्च से बारह से चौदह साल के बच्चों की बारी भी आने वाली है।

हालांकि सरकार का लक्ष्य 31 दिसंबर 2021 तक पूरी आबादी के टीकाकरण था। लेकिन यह पूरा नहीं हो पाया। कहने को भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माता देशों में है, पर शुरू में कई मुश्किलें तो झेलनी ही पड़ीं। कच्चे माल की कमी और टीका निर्माता कंपनियों के समक्ष पैसे कमी जैसे कारण तो रहे ही, इतनी बड़ी आबादी के लिए टीकों का उत्पादन और फिर देश के कोने-कोने तक टीके पहुंचाने की चुनौती भी मामूली नहीं थी। केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल का अभाव तथा कुप्रबंधन जैसे संकट भी कम नहीं रहे।

कई राज्यों में टीकाकरण की रफ्तार अभी भी संतोषजनक नहीं है। इसलिए राज्यों को अब फुर्ती दिखानी होगी। घर-घर टीकाकरण जैसे अभियान पर जोर देना होगा। टीकाकरण अभियान को कामयाब बनाने के लिए नागरिकों को भी समान रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। अभी भी ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है जो टीका लगवाने से बच रहे हैं। टीके को लेकर लोगों के मन में भ्रम और भय बना हुआ है। इसे दूर करना होगा। एक साल के टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान आई दिक्कतों से हमें सीख लेने की जरूरत है, तभी इस अभियान को और सशक्त बनाया जा सकेगा।

# गणतंत्र दिवस परेड में झांकी का मुद्दा गरमाया, कौन करता है चयन और क्या है इसकी पूरी प्रक्रिया

**भारत इस साल मंगलवार को अपना 72वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह देखा जा सकता है कि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में भी जाना जाता है। गणतंत्र दिवस पूरे देश में पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। नई दिल्ली में राजपथ पर एक भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा जो रक्षा क्षमताओं, विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेगी। हालांकि, इस बार कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्सव कुछ अलग दिखने वाला है। इस बार कथित तौर पर कहा गया है कि परेड 8.2 किमी के बजाय केवल 3.3 किमी की दूरी तय करेगी और यह विजय चौक से शुरू होगी और नेशनल स्टेडियम में समाप्त होगी। हर साल, गणतंत्र दिवस के उत्सव में, झांकी का प्रतिनिधित्व किया जाता है जो इतिहास की कहानी या एक दृश्य को प्रदर्शित करती है।**

**दिल्ली** सज धज कर तैयार है बलिदान समर्पण उपलब्धि के अभूतपूर्व लम्हे को मनाने के लिए। 72 साल पहले घड़ी में 10 बजकर 18 मिनट हो रहे थे। जब 21 तोपों की सलामी के साथ भारतीय गणतंत्र का ऐतिहासिक ऐलान हुआ था। मोदी सरकार ने सेना दिवस के मौके पर देशवासियों के नाम एक बड़ा ऐलान किया। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत अब हर साल 24 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को शरू होगी ताकि स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती इसमें शामिल हो सके। इससे पहले बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई थी। हर साल 26 जनवरी के मौके पर भव्य परेड की तस्वीरों से देश तो अक्सर दो-चार होता है। परेड में अलग-अलग प्रदेशों की कला-संस्कृति की झांकियां दिखती हैं। परेड में भारतीय सेना के सभी कैटगरी की मार्च फास्ट भी देखने को मिलती है। लेकिन अब आगामी गणतंत्र दिवस परेड से बंगाल की झांकी को बाहर करने का मुद्दा गरमा गया है। स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर आधारित पश्चिम बंगाल की झांकी को नहीं लेने के केंद्र सरकार के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी जताई है। ममता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इस निर्णय पर फिर से विचार करने की अपील की है। बनर्जी ने यह भी कहा कि झांकी को खारिज करने का कोई कारण नहीं बताया गया। ऐसे में आज आपको बताते हैं कि गणतंत्र दिवस परेड को लेकर झांकी का मुद्दा क्यों गरमाया हुआ है? झांकी का चयन कैसे होता है, इस बार के गणतंत्र दिवस पर क्या खास रहने वाला है।

**ममता ने लिखा पत्र :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखे दो पन्नों के पत्र में कहा, मैं भारत सरकार के आगामी गणतंत्र दिवस परेड से पश्चिम बंगाल सरकार की प्रस्तावित झांकी को अचानक बाहर करने के निर्णय से स्तब्ध और आहत हूं। यह हमारे लिए और भी चौंकाने वाली बात है कि झांकी को बिना कोई कारण या औचित्य बताए खारिज कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित झांकी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती वर्ष पर उनके और आजाद हिंद फौज के योगदान की याद में बनाई गई थी। बनर्जी ने पत्र में कहा, मैं आपको सूचित करना चाहती हूं कि पश्चिम बंगाल के लोग केंद्र सरकार के इस रवैये से बहुत आहत हैं। यह जानकर हैरानी होती है कि यहां के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर गणतंत्र दिवस समारोह में इस अवसर को मनाने के लिए कोई जगह नहीं मिली है।

**झांकी क्या हैं :** गणतंत्र दिवस पर देश की सैन्य शक्ति के प्रदर्शन के साथ ही कौशल और सांस्कृतिक धरोहरों का प्रदर्शन होता है। लगभग हर राज्य की एक झांकी इस परेड में शामिल होती है। झांकी मॉडलों का एक समूह है जो भारतीय इतिहास की कहानी या एक दृश्य को प्रदर्शित करती है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य, विभाग और मंत्रालय इतिहास के रूप में अपनी उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्हें उन्हें संबंधित झांकी द्वारा दर्शाया जाता है।



**झांकी का चयन कौन करता है :** यह मोदी सरकार नहीं है जो झांकी पर फैसला करती है। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों से प्राप्त झांकी प्रस्तावों का मूल्यांकन कला, संस्कृति, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, नृत्यकला आदि के क्षेत्र में प्रतिष्ठित लोगों की विशेषज्ञ समिति की बैठकों की एक श्रृंखला में किया जाता है। विशेषज्ञ समिति अपनी सिफारिशें करने से पहले विषय, अवधारणा, डिजाइन और दृश्य प्रभाव के आधार प्रस्तावों की जांच करती है।

**विचार कैसे प्रस्तुत किए जाते हैं :** यह देखा जा सकता है कि चयन प्रक्रिया बहुत लंबी है। इसमें रक्षा मंत्रालय कला के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ एक विशेषज्ञ समिति का गठन करता है ताकि प्रस्तावों को तदनुसार शॉर्टलिस्ट किया जा सके। विशेषज्ञ समिति में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, नृत्यकला आदि के विभिन्न क्षेत्रों के लोग होते हैं। इसके बाद, वे सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ राज्यों से प्राप्त विभिन्न प्रस्तावों का विश्लेषण करते हैं और समिति उनका मूल्यांकन करती है।

**ममता के दावे की हकीकत :** समय की कमी के कारण, केवल कुछ प्रस्तावों को ही स्वीकार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों से कुल 56 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इन 56 में से 21 प्रस्तावों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। समय की कमी को देखते हुए स्वीकृत प्रस्तावों की तुलना में अधिक प्रस्तावों को अस्वीकार करना स्वाभाविक है। केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के प्रस्तावों को विषय विशेषज्ञ समिति ने उचित प्रक्रिया और उचित विचार-विमर्श के बाद खारिज कर दिया था। हालांकि यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि केरल के झांकी प्रस्तावों को 2018 और 2021 में उसी मोदी सरकार के तहत उसी प्रक्रिया और प्रणाली के माध्यम से स्वीकार किया गया था। इसी तरह तमिलनाडु की झांकियों के प्रस्तावों को 2016, 2017, 2019, 2020 और 2021 में उसी मोदी सरकार के तहत उसी प्रक्रिया और प्रणाली के माध्यम से स्वीकार किया गया था। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि 2016, 2017, 2019 और 2021 में उसी मोदी सरकार के तहत पश्चिम बंगाल के झांकी प्रस्तावों को उसी प्रक्रिया और प्रणाली के माध्यम से स्वीकार किया गया था।

## आज का राशिफल

### मेष
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### वृषभ
यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### मिथुन
किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कर्क
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### सिंह
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी।

### कन्या
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

### तुला
नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

### वृश्चिक
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### धनु
बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी।

### मकर
बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

### कुंभ
घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

### मीन
नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

## खेल समाचार

# आईपीएल : अहमदाबाद के बाद लखनऊ ने भी 3 प्लेयर्स खरीदे




लखनऊ।

आईपीएल 2022 के लिए नई टीम लखनऊ फ्रेंचाइजी ने 3 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ लिया है। केएल राहुल को 15 करोड़, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को 11 करोड़ और रवि बिश्नोई को 4 करोड़ रुपए मिलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, राहुल टीम के कप्तान भी होंगे। पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को 11 करोड़ में खरीदा था। केएल लखनऊ की टीम के कप्तान भी बनाए जा सकते हैं। अहमदाबाद ने भी 3 खिलाड़ी खरीद लिए हैं। अहमदाबाद ने हार्दिक पंड्या और राशिद खान को 15-15 करोड़ और शुभमन गिल को 7 करोड़ में खरीदा है।

### गेमचेंजर हो सकता हैं ये सिलेक्शन

इस बात में कोई शक नहीं है कि ये कि टीम के लिए ये सिलेक्शन गेमचेंजर साबित हो सकता है। राहुल भले ही कप्तान के तौर पर पंजाब किंग्स को ट्रॉफी न जिता पाए हों, लेकिन पिछले 4 आईपीएल सीजन में उनके बल्ले से 500 से ज्यादा रन देखने को मिले हैं। आईपीएल 2020 में तो केएल ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाने में भी सफल रहे थे। स्टोइनिस ने भी दिल्ली कैपिटल्स के लिए लास्ट तीन सीजन में दमदार खेल दिखाया। आईपीएल में उन्होंने 56 मैच खेले हैं और 135.81 के स्ट्राइक रेट के साथ 914 रन बनाए हैं। स्टोइनिस के नाम पर 30 विकेट भी दर्ज है। रवि बिश्नोई भी आईपीएल की खोज रहे हैं। उन्होंने 23 मैचों में 24 खिलाड़ियों को आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया है। केराहुल और बिश्नोई के अलावा मार्कस स्टोइनिस भी पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं।

# महिला क्रिकेट में गैप : भारतीय खिलाड़ियों ने अक्टूबर 2021 में खेली थी आखिरी सीरीज, अब फरवरी में उतरेंगी मैदान पर

नई दिल्ली।

भारतीय पुरुष क्रिकेट के हालात अभी सोप ओपेरा जैसे हैं। हर दिन कोई न कोई नया ड्रामा देखने को मिलता है। आजकल कप्तानी छोड़ने, कप्तानी से हटाए जाने और नया कप्तान बनाने की बात हो रही है। इन सब के बीच महिला क्रिकेट को लेकर कोई चर्चा नहीं है। पुरुष क्रिकेट को लगातार मिल रही अनुचित कवरेज के कारण महिला क्रिकेट के बारे में बात नहीं हो पा रही। हमारी महिला टीम पिछली तीन आईसीसी ट्रॉफी में दो बार फाइनल में पहुंची। इसमें 2017 का वनडे वर्ल्ड कप और 2020 का टी-20 वर्ल्ड कप शामिल है। टीम ने 2018 टी-20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल भी खेला था। मेलबर्न में 2020 टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने के लिए 85 हजार से ज्यादा दर्शक आए थे।

# केएल राहुल ने भी ठोका टेस्ट कप्तानी का दावा

## टेस्ट में देश की कप्तानी सम्मान की बात मौका मिला तो टीम को आगे ले जाऊंगा

पार्ल।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच आज से 3 मैचों की वनडे सीरीज शुरू होने जा रही है। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला पार्ल के मैदान पर खेला जाएगा, जहां केएल राहुल पहली बार 50-50 ओवर फॉर्मेट में टीम इंडिया की कमान संभालते नजर आएंगे। रोहित शर्मा के चोटिल होने के बाद केएल राहुल को वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने टेस्ट का कप्तान बनाए जाने के सवाल पर कहा- मुझे जोहान्सबर्ग में टेस्ट टीम को लीड करने का मौका मिला था। जो काफी खास था। मैंने काफी कुछ सीखा। जीत नहीं मिली, लेकिन मुझे गर्व है कि मैंने टीम का नेतृत्व किया। देश की कप्तानी करना सबके लिए सम्मान की बात है। अगर मुझे मौका मिला तो मैं टीम को आगे ले जाऊंगा।

अब विराट कोहली के टेस्ट की कप्तानी छोड़ने के बाद टीम इंडिया में इस पद के लिए कई दावेदार हो गए हैं। व्हाइट बॉल क्रिकेट के दोनों फॉर्मेट में कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा पहले ही इस कतार में हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी सोमवार को कहा था कि वे हर चैलेंज के लिए तैयार हैं। अगर उन्हें टेस्ट टीम की कप्तानी दी गई तो यह उनके लिए सम्मान की बात होगी। सुनील गावस्कर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कप्तानी सौंपने की वकालत कर चुके हैं।

### राहुल ने की विराट कोहली की जमकर तारीफ

केएल राहुल ने पूर्व कप्तान विराट कोहली की जमकर तारीफ की। केएल राहुल ने पूर्व कप्तान को लेकर कहा- विराट की कप्तानी में हमने भारत के बाहर सीरीज जीती है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। विराट ने पहले ही हम सभी के लिए बढ़िया स्टैंडर्ड सेट किए हैं। पूरी दुनिया जानती है कि विराट कोहली टेस्ट को लेकर कितने जुनूनी हैं। मौजूदा टीम में जीत का विश्वास काफी हद तक कप्तान विराट कोहली के ही कारण है।

### साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में ओपनिंग करेंगे राहुल

केएल राहुल ने कन्फर्म करते हुए कहा कि वह वनडे सीरीज में ओपनिंग करेंगे। राहुल ने कहा- पिछले 14-15 महीनों में मैंने टीम की जरूरत के हिसाब से चार और पांच अलग-अलग पोजिशन में बैटिंग की है। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में मैं ही ओपनिंग करूंगा।



### कप्तानी के लिए तैयार राहुल

राहुल ने कहा- धोनी और विराट ने टीम को आगे पहुंचाया है। हमारा पैटर्न सेट है। हमारी टीम जीत के लिए भूखी रहती है, लेकिन सुधार की हमेशा ही गुंजाइश होती है। हम सभी सुधार के लिए मेहनत करते हैं। बतौर कप्तान मैं चाहता हूं कि हर खिलाड़ी को मेरा साथ मिले और उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करूं।

### अय्यर को मिलेगा डेब्यू का मौका

अफ्रीका वनडे सीरीज के लिए हार्दिक पंड्या की जगह वेंकटेश अय्यर को टीम के साथ जोड़ा गया है। उनका पहले वनडे में डेब्यू करना तय है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केएल राहुल ने इस बात की पुष्टि की और कहा कि अय्यर पहले मैच में खेलेंगे। केएल के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में अय्यर ने काफी प्रभावित किया था।

# रोहित शर्मा ही बनें टेस्ट कप्तान, अनुभवहीन खिलाड़ी को देने से हो सकती है प्रॉब्लम : मोहम्मद अजहरुद्दीन

नई दिल्ली।

मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि रोहित शर्मा को भारतीय टीम का अगला टेस्ट कप्तान बनाया जाए। पूर्व भारतीय कप्तान ने सीमित ओवरों के कप्तान रोहित को ही रेड बॉल क्रिकेट में भी टीम की कप्तानी सौंपने की वकालत की है। भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने अभी अगला टेस्ट कप्तान नहीं चुना है। विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। इसके बाद से यह सवाल उठ रहा है कि यह कमान किसे सौंपी जाएगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार के बाद कोहली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। रोहित शर्मा और केएल राहुल को इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन से पूछा गया कि वह किसे टीम इंडिया का अगला कप्तान बनाया जाना चाहिए। ऐसा खिलाड़ी जो अगले 5-6 साल तक टीम को आगे लेकर जा सकता है।

अजहर ने इस पर कहा, मैं 5-6 साल को बहुत लंबा वक्त देखता हूं। आपको बेशक, लंबे वक्त के लिए देखना चाहिए लेकिन इसके साथ ही हालिया परिस्थिति पर भी नजर रखनी चाहिए। सिर्फ भविष्य की बात करते हुए आप किसी अनुभवहीन खिलाड़ी को कप्तानी नहीं दे सकते, इससे समस्या हो सकती है। रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर अजहर ने चिंता जरूर जाहिर की लेकिन उन्होंने साफ किया कि वह मुंबई के इस खिलाड़ी को ही टीम के अगले टेस्ट कप्तान के रूप में देखना चाहते हैं। अजहर ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा एक अच्छे खिलाड़ी हैं और वह बहुत अच्छे कप्तान बन सकते हैं। वह अगले दो तीन साल तक क्रिकेट खेल सकते हैं, वह और भी खेल सकते हैं, लेकिन फिटनेस काफी अहम होगी क्योंकि उनकी हैमस्ट्रिंग की समस्या कई बार सामने आई है। अजहरुद्दीन ने यह भी कहा कि साउथ अफ्रीका को हालिया टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति का फायदा मिला है। अजहर का मानना है कि रोहित एक आक्रामक खिलाड़ी हैं और उनका न होना साउथ अफ्रीका के लिए अच्छा रहा। अजहर ने कहा, इस सीरीज में रोहित की गैर-मौजूदगी से भी साउथ अफ्रीका को फायदा हुआ। वह आक्रामक खिलाड़ी हैं और उसी अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं। जितना क्रिकेट मैंने खेला है और जितना अनुभव मुझे है, उस हिसाब से कप्तानी सिर्फ रोहित को ही दी जानी चाहिए। साउथ अफ्रीका दौरे पर रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते शामिल नहीं हैं। वनडे में रोहित के स्थान पर केएल राहुल को टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है।

मोहम्मद अजहरुद्दीन से जब पूछा गया कि क्या उम्र रोहित के खिलाफ नहीं जाती। इस पर उन्होंने कहा, माना कि वह 34 साल के हैं, उनकी उम्र इतनी भी ज्यादा नहीं है। वह 5-6 साल आराम से खेल सकते हैं। वह एक बल्लेबाजें हैं अगर वह एक ऑलराउंडर होते, तो मैं अलग तरीके से सोचता या एक अलग जवाब देता लेकिन चूंकि वह बल्लेबाज हैं, तो यह ज्यादा प्रॉब्लम नहीं होनी चाहिए। अजहर ने यह भी कहा कि तीनों फॉर्मेट में एक ही कप्तान होना कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

# धड़ल्ले से खुलेआम हो रहा है अवैध खनन

## चांदी की खनक में हो रहा है खनन

नागौर डैली EXCLUSIVE

## प्रशासनिक कार्यालय के सामने से धड़ल्ले से निकल रहे हैं अवैध बजरी के डंपर, नहीं हो रही कार्रवाई

हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां उपखंड क्षेत्र में प्रशासन की नाक के नीचे से अवैध बजरी परिवहन का कारोबार परवान पर है। अवैध बजरी खनन के ओवरलोड भरे हुए डंपर व ट्रक प्रशासनिक कार्यालयों के सामने से बेधड़क निकलते हुए देखे जा सकते हैं जो अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे है। नावां उपखण्ड सहित आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध रूप से बजरी खनन का कारोबार दिन दुगनी रात चौगुनी की गति से फल फूल रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे से रोजाना दर्जनों डंपर व ट्रक अवैध बजरी खनन के भरकर निकल रहे है। अवैध बजरी खनन का कारोबार नावां मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में बेखौफ जारी है, लेकिन प्रशासन, पुलिस, खनिज विभाग व राजस्व विभाग आंखें मूंदे हुए बैठा हुआ है। इस अवैध कारोबार के खिलाफ प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। कभी-कभार होने वाली फौरी कार्रवाई से खननकर्ताओं पर खास असर नहीं हो रहा है। खनन माफिया नदी नालों व अपनी खेतों से बजरी का खनन कर बेच रहे है। बजरी का दोहन कर नावां से होते हुए सीकर व जयपुर तक बजरी पहुंचाई जा रही है। एकाध विभाग की ओर से कभी नावां, मुख्य मार्गों से गुजरते बजरी के डम्पर व ट्रोलियां जब्त कर औपचारिकता पूरी की जाती है। पकड़ने के साथ अवैध बजरी खनन-माफियाओं व परिवहन कर्ताओं को कुछ समय बाद सांठगांठ करके छोड़ दिया जाता है, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है।



### नम्बर प्लेट तक नहीं

इसकी पड़ताल करने के लिए रविवार व सोमवार की रात सांभर चौराहे पर पड़ताल की गई, जिसमें सामने आया कि कई डम्परों की नम्बर प्लेट को डम्पर चालकों ने साफ कर रखा है अथवा काले रंग से पुतवा रखा है। इससे इन डम्परों के नम्बर किसी की नजर में नहीं आ सकते है। कई डम्परों पर तो नम्बर प्लेटे तक नहीं है। डंपर व ट्रक चालक इतनी तेज गति से चलते है कि यदि कोई दुर्घटना भी हो जाए तो डम्पर व ट्रक के नम्बर किसी को पता नहीं चल सके । इसके बावजूद पुलिस व प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है तेज गति एवं ओवरलोड चलते यह डंपर हर समय क्षेत्र में हादसे को निमंत्रण देते हुए दिखाई दे रहे।



### बजरी के लालच में खेतों का अस्तित्व खत्म

निकटवर्ती ग्राम खाखड़की के किसानों ने बजरी के लालच में अपने खेतों का अस्तित्व खत्म कर लिया है। लोग पहले अपनी जमीन पर गेहूं व बाजरा उगाया करते है वहां आज बजरी का दोहन कर गहरे गड्ढे कर दिए है। सरकारी कार्यालयों के सामने से निकल रहे वाहन खनन कर लाए जा रहे बजरी से ऑवरलोड वाहन दिन रात तहसील पंचायत समिति कार्यालयों के सामने से गुजरते है। मुख्य मार्गों, चौराहों तथा अपने घरों के पास मैदानों में भी बजरी के ढेर लगा रखे है। बजरी का जमकर दोहन कर सरेआम बेचा जा रहा है, लेकिन अधिकारियों की कोई रोक टोक नहीं है। कई बार तो पुलिस की गाड़ी के सामने से बजरी के डम्पर निकल जाते है लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। बजरी के रोजाना सौ से भी अधिक डम्पर निकलने के बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही है। अवैध बजरी खनन व परिवहन के दर्जनों डंपर व ट्रक नावां से गुजरते है।

## राह चलती महिलाओं के साथ मारपीट कर आभूषण लूटने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### लूट के मामले में तीन माह से फरार चल रहा था

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** ग्रामीण क्षेत्रों में राह चलती महिलाओं के साथ मारपीट कर सोने के आभूषण लूटने का एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। थानाधीकारी सुभाष पूनिया से मिली जानकारी के अनुसार गत अक्टूबर माह में डेगाना के ग्राम हबचर, सामटियों की ढाणी व झगड़वास में राह चलती महिलाओं के साथ मारपीट कर सोने के आभूषण लूटने के आरोपी हरिराम पुत्र पेमाराम जाट निवासी पालड़ी राजा को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा गया है। आरोपी लूटपाट के तीन मामलों मे कई महिनों से फरार चल रहा था। थानाधीकारी सुभाष पूनिया ने जानकारी देकर बताया की गत अक्टूबंर माह में सेठूडी पत्नी मोतीराम जाट उम्र 57 साल निवासी सामटियों की ढाणी, 30 जून 21 को कमला देवी निवासी झगडवास ओर 9 जून को सुन्दरी देवी पत्नी लादूराम निवासी हबचर के साथ सोने के आभूषणों लूट की वारदाते हुई थी। इसमें मुख्य आरोपी हिमाशु को पुलिस ने पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था लेकिन लूट में सहयोगी हिमांशु का मामा हरिराम जाट पिछले तीन महिनों से फरार चल रहा था, जिसे मंगलवार को डेगाना में मुलजिम की बहिन के घर पर आने की सूचना मिलने पर सीआई सुभाष पूनिया के निर्देशन मे गठित टीम मे उप निरीक्षक रामेश्वरलाल, एचसी हरजीराम, श्यामलाल, सुखाराम, गुमानाराम आदि पुलिस ने दबिस देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दोरान आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया है। अब उससे लूट का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ब्लॉक निष्पादक समिति की वर्चुअल बैठक सम्पन्न

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** ब्लॉक निष्पादक समिति की वर्चुअल (जूम एप) बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कार्यालय के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती उपासना, संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण शर्मा एवं ब्लॉक के पीईईओ/प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) संभागी उपस्थित रहें। बैठक के दौरान जगदीश राय सीबीईओ द्वारा शाला संबलन, मुख्यमंत्री युवा संबलन योजना (बेराजगारी भत्ता), आईपीआर, एपीआर, शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के सदंर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी क्रम में श्रीमती उपासना पारीक एसीबीईओ द्वितीय ने कोविड-19 नवीन दिशा-निर्देशों के क्रम में विद्यालय संचालन एवं नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक की प्रविष्टियों के बारें में अवगत कराया।

## डिस्कॉम का वसूली अभियान जारी

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की और से शहर में बकाया विद्युत बिलों के भुगतान वसूली को लेकर मंगलवार को कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद इसरार के नेतृत्व में गठित टीम अकबर खान चौहान, भवानी सिंह, ऋषिराज भारद्वाज, मुकेश सेन व राहुल सिंह द्वारा बकाया वसूली की गई। इस दौरान टीम द्वारा परबतसर में 2.23 लाख राशि के बकायादारों के कनेक्शन काटे गए, साथ ही 28 उपभोक्ताओं द्वारा मौके पर 4,21,963 रुपये नकद जमा करवाए गए।

## मूंगफली खरीद केंद्र पर आज रहेगा अवकाश

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** खींवसर उपखंड मुख्यालय पर स्थित खींवसर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड में समर्थन मूल्य पर की जाने वाली मूंगफली खरीद केंद्र पर 6 दिन का अवकाश रहेगा, इसके चलते केंद्र पर मूंगफली की खरीद नहीं होगी। व्यवस्थापक रामावतार गौड़ ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट में 21 व 22 जनवरी को नागौर जिले में बारिश की चेतावनी दी गई है और अभी प्लेटफार्म पर स्टॉक का उठाव नहीं हो पाने के कारण मुंगफली खरीद पर 20 से 26 जनवरी तक रोक रहेगी। इसलिए खरीद केंद्र पर 6 दिन के लिए अवकाश रखा गया।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी गांव मोडरिया में नहीं हटाया अतिक्रमण

डेगाना(नागौर डेली न्यूज)।

गांव मोडरिया में सरकारी जमीन पर ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से मकान, समाधियां ओर पक्के चबुतरा बनाकर किये गये अतिक्रमणों को हटाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाही नहीं करने से लोगों में नाराजगी है। इसे लेकर महावीर प्रसाद मोडरिया ने जरीये अधिवक्ता सुरेन्द्र भूकर ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कराई। इस पर न्यायालय ने तीन माह में अतिक्रमण हटाने का आदेश जिला कलेक्टर को दिया था, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी पालना नहीं हुई। इस पर महावीर प्रसाद मोडरिया ने अवमानना याचिका दायर की।

## राणीगांव में नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

पुखराज तानाण



**छोटी खाटू( नागौर न्यूज डेली ):** ग्राम राणीगांव में रॉयल ग्रुप नागौर के तत्वावधान में श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल छोटी खाटू के द्वारा नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 180 मरीजों की जांचे की गई। इसमें बीपी, शुगर, ब्लॅड ग्रुप आंखों की सहित फ्री जांचे व दवाइयां दी गई। डॉ. गोविंद सिंह गुर्जर ने बताया कि ऑपरेशन के लिए मरीजों का किफायती दरों पर ऑपरेशन किया जायेगा।

## निजी स्कूलों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, स्कूलों को बंद करने का किया विरोध

अबरार अली बेरी




**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** कहते है इंसान बड़ी से बड़ी मुसीबत को बर्दाश्त कर जाता है लेकिन जब कोई आने वाला संकट उसके बच्चों से जुड़ा हो तो वो फिर मुखर हो जाता है। मंगलवार को डीडवाना में निजी स्कूलों की एक संस्था ने हस्ताक्षर अभियान शुरू करके कोरोना काल में स्कूल बंद करने के सरकारी आदेश के खिलाफ मुखर हो गए। इस अभियान में कथित तौर से अभिभावक भी शामिल बताये जा रहे है।

स्कूल संचालकों का कहना है कि कोरोना का भय दिखाकर केवल स्कूलों को बंद करना उचित नहीं है। ऐसे में आने वाला समय बच्चों के लिए अभिशाप बन जायेगा । कोषाध्यक्ष नीलकमल शर्मा ने बताया कि आज के इस हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सरकार की यह नीति बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करेगी। हम इसका विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि शराब की दुकान खुली, शिक्षा का मंदिर नामक इस अभियान में अभिभावक ही साबसे आगे है क्यों कि वे अपने बच्चों के प्रति गम्भीर है। बहरहाल सरकार कोरोना को लेकर बार-बार नई गाइड लाइन लगातार जारी कर रही है जिसे लेकर आम आदमी कोरोना भय से भयभीत लेकिन सावधान है। इस संकट के समय कुछ अभिभावक सावधानी के साथ बच्चों को स्कूल भेजना चाहते है तो कुछ ऐसे भी है जो कोरोना से किसी तरह का पंगा नहीं लेना चाहते। आज के अभियान में एन आर सुंडा, मोहन लाल, गोविंद टाक, गिरधारी लाल, अब्दुल हमीद, दीनदयाल काकड़ा, महावीर, बाबू लाल पलसानिया, अनुराग शर्मा आदि मौजूद थे।

## उपखंड कार्यालय में फैला कीचड़ खोल रहा है स्वच्छ भारत मिशन की पोल



हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** जहां प्रदेश सहित संपूर्ण भारत में स्वच्छता महाअभियान के तहत सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां अमल में लाई जाकर स्वच्छता के लिए आमजन को जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है वहीं नावा नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ही गत सोमवार को भी आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है लेकिन कोढ़ में खाज यह है कि जिन जवाबदेहो के कंधों पर संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी हुई है उनके स्वयं के कार्यालय परिसर की भूमि गंदे पानी की भयंकर समस्या से जूझ रही है। उपखंड कार्यालय में आने वाले आमजन व कार्मिकों को गंदे पानी के भराव से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जहां आमजन को गंदे पानी से हर समय बीमारी का डर बना रहता है वहीं भयंकर बदबू से भी दो-चार होना पड़ रहा है। उपखंड कार्यालय परिसर की भूमि में भरे गंदे पानी का क्षेत्र वातावरण को भी भयंकर प्रदूषित कर रहा है। कोरोना महामारी के समय में लोगों को बीमार होने का डर और भी ज्यादा रहता है। अधिकारियों की अनदेखी की वजह से हालात दयनीय बने हुए हैं। सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। सोचनीय है कि ऐसे में कैसे होगा नावां उपखंड मुख्यालय पर स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन कामयाब उठ रहा है यह सवाल।

## प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी के संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा को किया याद



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला कस्बे के सदर बाजार में स्थित यूको बैंक की छत पर संचालित संस्थान में आज श्रद्धा सुमन पुष्पांजलि अर्पित कर महिलाओ ने आस्था और विश्वास की अलख जगाई। ब्रम्हाकुमारी थांवला शाखा की संचालिका राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी विमला बहन ने बताया कि प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी के संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा दिवस के रूप में मनाया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा पुराना थानेश्वर यूको बैंक के ऊपर थांवला में संस्था के संस्थापक दादा लेखराज का स्मृति दिवस मनाया गया।विद्यालय के संस्थापक दादा लेखराज ने नारी शक्ति को आगे रखकर विश्व के नव निर्माण का कार्य किया गया था।

## विश्वकर्मा जांगिड़ विकास समिति नागौर के पदाधिकारियों का मकराना में हुआ सम्मान



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज़ )।** विश्वकर्मा जांगिड़ विकास समिति नागौर के पदाधिकारियों का मंगलवार को मकराना पहुंचने पर सम्मान किया गया। शहर के हॉस्पिटल रोड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। जांगिड़ युवा प्रकोष्ठ मकराना के अध्यक्ष अशोक जांगिड़ ने बताया कि विश्वकर्मा जांगिड़ विकास समिति नागौर के पदाधिकारी जंवरी लाल जांगिड़, भगवानाराम जांगिड़, भामाशाह गोविन्द जांगिड़, देवीलाल जांगिड़ के मकराना आगमन पर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। आये हुए अतिथियों ने इसके लिये आभार व्यक्त किया। इस दौरान विकास समिति नागौर के अध्यक्ष भगवानाराम जांगिड़ ने कहा की समाज का विकास समाजिक एकता एवं संस्कार पर निर्भर करता है। सभी समाज बंधु आज कोरोना में समाज के जरूरतमंदों की मदद करे।

## एसएमसी व एसडीएमसी का प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज़ ) :** मकराना उपखण्ड के ग्राम खेडीशिला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एसएमसी, एसडीएमसी के सदस्यों का गैर आवासीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या पुष्पा वर्मा ने विद्यालय विकास में सहभागिता देने की बात कही। प्रशिक्षित एमटी बिरमाराम सारण व खेमराज सिंह कात्यासनी ने भी संबोधित किया। इस दौरान विद्यालय में भामाशाहों द्वारा जन सहयोग के माध्यम से भौतिक सुविधाओं को उपलब्ध करवाने, नामांकन बढ़ाने, 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करने, एसएमसी, एसडीएमसी के कर्तव्यों व कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर श्रवण कुमार, बागसिंह राठौड़, पुष्पा चौधरी, रामदेव काटीबाल, साँवरमल लखारा, छोटू राम पंचारिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना उपखण्ड के ग्राम बूड़सू में स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों में खांसी जुकाम बुखार के लक्षण मौसम के हिसाब से अधिक देखे जाने पर विभिन्न आयुर्वेद औषधियों से निर्मित काढा पिलाया गया। डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देशन में कोविड-19 के नियमों को ध्यान में रखते हुए सभी छात्रों ने इस काढ़े का सेवन किया। संस्था प्रधान नवल किशोर पारीक ने बताया कि इस प्रकार का काढ़ा पूर्व में भी विद्यालय में डाक्टर्स के निर्देशन में पिलाया गया था आगे भी काढा तीन चरणों में विद्यालय में पिलाया जाएगा। इस दौरान संस्था निर्देशिका संतोष सैनी, कंपाउंडर रमेश चंद्र मीणा, अंकेश मीणा, तनसुख सोनी, जयश्री सोनी, निकिता सोनी सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बालिकाओं को साईकिल वितरण की

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मकराना में कक्षा नौ की बालिकाओं को साइकिलों का वितरण नगर परिषद मकराना की सभापति समरीन भाटी के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अब्दुल वहीद खिलजी ने की जबकि एसईबीईओ रवि राठौड़ विशिष्ट अतिथि थे। साइकिल वितरण प्रभारी हंसराज ने बताया कि सत्र 2020-21 की 23 बालिकाओं तथा सत्र 2021-22 की 34 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि समरीन भाटी ने कहा कि साइकिल वितरण योजना राज्य सरकार का बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाला एक अनूठा कदम है।

आज बालिकाएं हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे मे भी जानकारी दी। प्रधानाचार्य अब्दुल वहीद खिलजी ने विद्यालय की टूटी हुई चार दीवारी के बारे मे सभापति को अवगत कराया, साथ ही विद्यालय में बरसात के मौसम में पानी के भराव के बारे में भी ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम मे समाजसेवी साजिद भाटी, पार्षद मोहम्मद इरशाद, पार्षद प्रतिनिधि मन्सूर अख्तर चौधरी ने भी शिरकत की। इस मौके पर साईकिल वितरण प्रभारी हंसराज, मेवाराम, रामदेव पारीक, रामनिवास किरडोलिया, भंवरलाल हर्षवाल, अब्दुल रऊफ, शाहरुख अली, कमलेश कुमारी, रामेश्वर लाल डूडी, हीराराम सोहू, दुर्गा प्रसाद व्यास, नवरतन देव, धन्नाराम, मांगीलाल गुर्जर, पोखरमल, दशरथ गोड, योगेश कुमार, कैलाश चन्द विश्नोई, चेतन प्रकाश, आनन्द कंवर, परसाराम, सुशील बाजिया सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे।



## जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा परबतसर के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुर्जरो की ढाणी भादवा में स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राकेश भाटी, भंवर लाल रियां ज़िला अध्यक्ष शिक्षक संघ की मौजूदगी में स्वेटर वितरित कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान करीब 50 विद्यार्थियों को सर्दी के बचाव को लेकर स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान शाखा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, नटवरलाल डांगी, भंवर लाल बुगालिया, गोविंद सिंह, पूरणमल, मोहनराम, इमरान खान, घनश्याम, सुनिता, रामनिवास गुर्जर सहित अन्य जन मौजूद रहे।

# कलेक्टर सोनी का साहित्य भेंट कर किया सम्मान



अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ):** महाश्रमण विहार में प्रवास कर रहे आचार्य महाश्रमण का जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी व लाडनूँ उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने दर्शन लाभ लिया, जहाँ उनका साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। राजेंद्र खटेड़ ने बताया कि अभी हाल ही दो दिन पूर्व स्थानांतरित किए गये नागौर जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी आचार्यश्री महाश्रमण के दर्शनार्थ लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती परिसर में पहुंचे। यहाँ आचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद सहित मंगल मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर लाडनूं उपखंड अधिकारी अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

इस दौरान जैन विश्व भारती के अध्यक्ष मनोज लूनिया एवं आचार्य महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष शांतिलाल बरमेचा ने सोनी का साहित्य भेंट कर सम्मान किया। आचार्यश्री के शुभागमन के संदर्भ में स्वागत आदि उपक्रम भी रहा। इसमें जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा-लाडनूं के अध्यक्ष सम्पत डागा, स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति घोसल जैन, कन्या मण्डल से निशी सिंघी ने अपनी अभिव्यक्ति दी। तेरापंथ महिला मण्डल तथा तेरापंथ कन्या मण्डल ने संयुक्त रूप से गीत के माध्यम से भावांजलि अर्पित की।

# सदर बाजार से कचरा हटवाकर ग्राम पंचायत ने दी व्यापारियों को राहत

## व्यापारियों ने जताया आभार

नागौर डैली खबर का असर




मेड़ता रोड के सदर बाजार में कचरे के ढेर, परेशान व्यापारियों ने ग्राम पंचायत पर लगाए गंभीर आरोप
वार्ड पंच ने कहा विकास कार्य है जारी, व्यापारी साथ देंगे तो निपटाई जाएंगी समस्याएं

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड की ग्राम पंचायत ने मुख्य सदर बाजार से कचरे का ढेर हटाकर व्यापारियों को राहत प्रदान की है, इससे व्यापारियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। इस समस्या को लेकर नागौर डेली संवाददाता रविवार 16 जनवरी को 'सदर बाजार में कचरे का ढेर, व्यापारी परेशान' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

खबर के प्रकाशित होते ही ग्राम पंचायत हरकत में आया तथा तुरंत मुख्य सदर बाजार से कचरे को हटाकर व्यापारियों को राहत प्रदान की। कचरे का ढेर हटने के बाद व्यापारियों ने हमारे संवाददाता का आभार जताया तथा कहा कि आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचने में मीडिया का बड़ा योगदान है। वहीं व्यापारियों ने कहा कि यहां हमेशा गंदगी का अंबार लगा रहने के कारण हमारी ग्राहकी पर भी काफी असर पड़ता था जो शायद अब नहीं देखना पड़ेगा।

व्यापारियों ने कहा कि बाजार में साफ-सफाई होने के बाद ग्राहकों ने मुख्य सदर बाजार में सामान खरीदने के लिए आना शुरू कर दिया है इससे पूर्व गंदगी को देखते हुए ग्राहक सीधे बस स्टैंड से ही खरीदारी कर कर चले जाते थे, जिसके कारण बाजार के व्यापारियों के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न होने लगा था। व्यापारी ने कहा कि अब सफाई होने के बाद मुख्य सदर बाजार के व्यापारियों को राहत मिली है। उन्होंने मीडिया के साथ-साथ ग्राम पंचायत का भी धन्यवाद अर्पित किया।

# रात्रि में भोर तक बही स्वर सरिता, समाधि पूजन कर किया भंडारा



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठडी कस्बे के ख्यातनाम सुप्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में एक भादीपीठ मंदिर में निकुंजगामी मंहत राधाचरण साधक का आठवां धाम गमनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भादीपीठ परिकर अंबिकाशरण दाधीच ने बताया कि मंगलवार सुबह भादी बिहारी युगल सरकार की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात लगभग 12.15 बजे गाजे बाजे के साथ भादीपीठाधीश्वर महंत रेवतीरमण दास श्रद्धालुओं के संग समाधि पूजन करने पहुंचे। पंडित गोपाल जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर गुरु, दादा गुरुओं की समाधियों पर पूजन करवाया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने राधानाम संकीर्तन, आरती, बापजी की वाणी के पदो का गायन कर समाधि परिसर को धर्ममय कर दिया। साथ ही संत समाज व श्रद्धालुओ ने समाधि पूजन, परिक्रमा, चरण वंदना आदि धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भादीपीठाधीश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात रासमंडप परिसर में सत्संग व प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया। आज के मुख्य वक्ता पलसाना महंत मनोहर शरण महाराज थे। पलसाना मंहत ने अपने आर्शीवचन मे कहा कि गुरु के प्रति सच्ची कर्तव्य निष्ठ श्रृद्धा होना जरुरी है। शबरी का उदाहरण देकर बताया कि शबरी ने अपने गुरु के कहे वचनो के अनुसार श्रीराम का अंतिम समय तक इंतजार करती रही। श्रीराम, लक्ष्मण व माता जनकी के साथ शबरी की झोपड़ी में दर्शन देकर गुरु के वचनो को साकार किया।

# रक्तदान कर मनाई शादी की वर्षगांठ



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को शहर के रामवतार सैनी व उनकी धर्म पत्नी श्रीमती राखी सौलंकी अपनी शादी की सालगिरह पर श्याम ब्लॅड बैंक पहुंचकर रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की। श्रीमती राखी का ब्लॅड कम होने की वजह से वह ब्लॅड डोनेट नहीं कर सकी, उनके पति रामवतार सैनी ने ब्लॅड डोनेट किया। उनको ब्लॅड डोनेट करता देख राखी सौलंकी भी जिद करने लगे कि वे भी ब्लॅड डोनेट करेंगी। मेरा ब्लॅड भी किसी जरूरत मंद के काम आये। इस पर उनको समझाया गया कि अगली एनीवर्सरी पर आपका ब्लॅड जरूर लेंगे। गौरतलब है कि रामवतार सोनी वर्ष में तीन बार रक्तदान करते हैं।

# रियांबड़ी को मिले नगरपालिका का दर्जा : मनोहर वाल्मिकी

## शिष्टमंडल ने सीएस से की मुलाक़ात, सौंपा मांगपत्र

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** उपखंड रियाबड़ी को नगर पालिका घोषित करवाने बाबत मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के निरंजन आर्य से शिष्टाचार मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। कस्बे के जागरूक व युवा नेता मनोहर वाल्मीकि ने रियांबड़ी के एक शिष्टमंडल को लेकर मुख्य सचिव आर्य से उनके निवास पर वार्ता कर मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र के अनुसार वाल्मीकि ने बताया कि रियांबड़ी नागौर जिले की बहुत ही पुरानी पंचायत समिति है और इस कस्बे को उपखंड घोषित हुए भी करीब 10 वर्ष बीत गए लेकिन रियांबड़ी कस्बा आज भी नगरपालिका के लिए तरस रहा है जबकि रियांबड़ी उपखंड स्तर का कस्बा होने के साथ ही सभी योग्यता भी रखता है जिसके लिए इसे नगरपालिका घोषित किया जाना चाहिए।


रियाबड़ी को नगर पालिका बनाने की मांग में गणमान्य लोगों के लेटर पेड, ग्राम रिया बड़ी की ग्राम पंचायत के समस्त सदस्य गणों द्वारा सर्व सहमति से प्रस्ताव की प्रमाणित प्रतिलिपि, पंचायत समिति रियाबड़ी विकास अधिकारी साहब द्वारा आयुक्त स्वायत शासन विभाग को लिखे गए पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि, समस्त कांग्रेस के पदाधिकारियों, ग्राम विकास समिति, व्यापार संघ और प्रतिष्ठित नेता और गणमान्य लोगों के लेटर पैड सहित एक प्रार्थना पत्र मुख्य सचिव को सौंपा गया।

युवा व जागरूक मनोहर वाल्मीकि ने बताया कि समस्त लोगों का सहयोग रहा तो यह मांग जायज और अति आवश्यक है तथा इसमें समस्त कस्बेवासियों की सहमति और भविष्य में विकास की राह पर अग्रसर होने का भाव निहित है।

# हाईवे पचास फीट चौड़ा करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारितः सरपंच माली

## आमजन की मांग पर ग्राम पंचायत ने लिखा मुख्यमंत्री के नाम पत्र

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** रियांबड़ी उपखंड में से हाईवे को पचास फीट चौड़ा कर गुजारने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित कर रियां बड़ी सरपंच ने ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम सपोर्टिंग मांग पत्र लिखा है। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 102 नसीराबाद से मांगलीयावास हाइवे वाया रियांबड़ी (मांगलीयावास से पादु कलां संक्शन) रियांबड़ी कस्बे के अन्दर से निकलवाने के सन्दर्भ में कस्बेवासी एक मत भी है, लेकिन अभी भी कुछ लोगों को यह बात रास नहीं आ रही है। ज्ञात रहे कि पूर्व में स्टेट हाईवे रियाबड़ी कस्बे में से निकालने के लिए ग्राम पंचायत में सर्व सम्मति से प्रस्ताव भी पारित हो चुका था। जबकी सरपंच गिरधारी लाल माली का कहना है कि उक्त राजमार्ग रियांबड़ी कस्बे के अन्दर से निकले तो कस्बे के विकास को गति मिलेगी व चहुमुखी विकास को पंख भी लगेंगे और लगभग सभी कस्बेवासियों की आत्मा की भी आवाज यही है। रियांबड़ी के जागरूक व युवा विकास पुरषों का कहना है कि लम्बे इंतजार के बाद में कस्बेवासियों का सपना साकार होने का अवसर आया है ओर यह सपना जल्द ही साकार होना रियांबड़ी के विकास के हित में हैं।

*सूत्रों के अनुसार मांग पत्र में हवाला हैं कि इस हेतु ग्राम पंचायत की पाक्षिक बैठक 20 अप्रेल 2021 के प्रस्ताव सं .5 के तहत एवं ग्राम सभा 02 अक्टूबर 2021 के प्रस्ताव संख्या 26 में उक्त सड़क को 50 फिट चौड़ा करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया जा चुका है । यदि राजमार्ग कस्बे के अन्दर से नहीं निकलेगा तो कस्बेवासी आन्दोलन करने को उतारु हो सकते है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत सरपंच गिरधारी लाल माली द्वारा ग्राम पंचायत के लेटरपैड पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राज्यसरकार को पत्र भी लिखा गया है ओर उम्मीद व आशा की गई है कि सरकार शीघ्र को इस मांग को वाजिब मानते हुए कस्बेवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राजमार्ग को रियांबड़ी कस्बे के अंदर से ही चालू करवाए।*

### बाईपास को बताया गलत

सरपंच माली ने बताया कि कस्बे से बाहर बाईपास निकलवाना कस्बेवासियों की भावना के साथ सरासर अन्याय होगा तथा रियांबड़ी के विकास में रोड़ा अटकाने की कवायद ही होगी। उपखण्ड मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय तथा 20 गांवों की जनता का सीधा सम्बंध रियांबड़ी से रह हैं और रियां बड़ी में उक्त राजमार्ग अन्दर से निकलने पर ही जसनगर से आने वाला रास्ता, रोहिसा व लूँगीया का मुख्य मार्ग भी रियांबड़ी के अंदर से ही निकलता है जो मुख्य मार्ग लगभग 50 फीट का हो जाने पर सीधा लाभ आमजन व आवागमन को मिलेगा ।

### इनका कहना है -

*'राष्ट्रीय राजमार्ग 102 को रियांबड़ी कस्बे के अन्दर के होते हुए ही निकाला जाना चाहिए और यह आमजन व रियांबड़ी के विकास व तरक्की के हित में है।याद रहे इस राजमार्ग के लिए ग्रामपंचायत रियांबड़ी द्वारा पूर्व में भी प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है। और अभी हाल ही में भी ग्राम पंचायत रियांबड़ी द्वारा राज्य सरकार को पत्र भी लिखकर भेजा गया हैं।'*

**गिरधारी लाल सैनी**
**सरपंच ग्राम पंचायत रियांबड़ी**

# कृषि कार्य के दौरान अधेड़ वृद्ध की मौत

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में सुकली के बालाजी के पास निवास करने वाले शर्मा परिवार के अधेड़ वृद्ध की बीती रात कृषी कार्य के दौरान मौत हो गई। विजयकुमार पुत्र गोपाल लाल ने नावां थाने में रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके परिजन देवकीनंदन शर्मा पुत्र रामेश्वर लाल शर्मा (58) सोमवार रात्रि को अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। अचानक तबियत खराब हो जाने पर तुरंत उपसरपंच वीरेंद्र सिंह को सूचित किया गया। वाहन से चिकित्सालय कुचामनसिटी लाया गया जहां ईलाज के दौरान ओर तबियत खराब हो गई। इसके बाद उन्हें कुचामन से जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में ही देवकीनन्दन ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को सुबह नावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधेड़ का चिकित्सक ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सुपुर्द किया गया।

# केशरदेवी विद्यालय में ट्रेनिंग का समापन

अबू बकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय केसरदेवी बालिका विद्यालय में एसएमसी व एसडीएमसी की ट्रेनिंग सदस्यों को दी गई। प्रधानाचार्य ओम शंकर गर्वा के अनुसार स्थानीय विद्यालय में 5 स्कूलों के सदस्यों को दो दिवसीय ट्रेंनिग दी गई। उन्होंने बताया कि विद्यालय विकास में सदस्यों की अहम भूमिका होती है जो सक्रिय रहकर विद्यालय विकास में योगदान दे सकतें है। इसमें केशरदेवी सेठी बालिका विद्यालय के अलावा रा.उ.प्रा. विद्यालय न. 4, रा.उ.प्रा. विद्यालय न. 9, राउप्रा विद्यालय बावरियों की ढाणी, रामा विद्यालय न 2 लाडनूँ के सदस्यों को दो दिवसीय ट्रेनिंग दी गई। जिसमें ट्रेनर भंवराराम सिंवर ,व सदस्य पार्षद हाजी सत्तार खान,जलालुदीन, अब्दुल जब्बार खान, संदीप कुमार, जितेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, देवेंद्र अहलावत, राकेश राव, इरफान अली आदि उपस्थित रहे।

# 125 विद्यार्थियों को मिली स्वेटर

## शीतलहर के सितम से बचाने को लेकर बच्चों को बाटे स्वेटर



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की ऋषभ चंद जैन (गोधा) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सर्दी के बढ़ते सितम को देखकर शाला के अभाव ग्रसित एवं जरूरतमंद 125 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय के संस्था प्रधान छोटूराम गोठवाल ने बताया कि मारोठ कस्बे में महिलाओं द्वारा संचालित किटी पार्टी महिला ग्रुप द्वारा विद्यालय के 45 विद्यार्थियों और विद्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा 80 विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम में महाराजपुरा स्कूल के संस्था प्रधान राम किशोर एवं राम नारायण फुलवारी व्याख्याता सहित स्थानीय विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# शराब के ठेके खुले है और स्कूल बंद, सरकार का ये गलत फैसला : बुगालिया

## भगतसिंह यूथ ब्रिगेड ने स्कूलों को बंद करने के निर्णय को बताया गलत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कोरोना महामारी के नाम पर सरकार द्वारा 12वीं तक के स्कूल कॉलेज बंद किये जाने पर मंगलवार को भगतसिंह युथ ब्रिगेड कार्यकरताओं ने रोष प्रकट किया, बाद में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र भेजा गया, जिसमें स्कूल कॉलेज खोलने की मांग की गई है। पत्र में बताया कि कोरोनावायरस के नाम पर स्कूल बंद कर दिए गए जबकि शराब के ठेके सरेआम खुले हैं। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष परसाराम बुगालिया का कहना है कि शिक्षण संस्थाएं बंद होने से छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय है, इसलिए तुरंत प्रभाव से स्कूल कालेज खोले जाने चाहिए। दरअसल कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाएं बंद कर दी है। सरकार ने यह कदम कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उठाए हैं। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अब भगतसिह यूथ ब्रिगेड सामाजिक संगठन खुलकर आगे आया हैं। इस दौरान भगतसिंह यूथ ब्रिगेड संगठन के झूमरमल बिजारणिया, बिरमाराम बांगड़वा, मनोज बिजारणिया, अजय चौधरी, विजय चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़

परसाराम बुगालिया का कहना है की यह बच्चों के भविष्य साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो सही नहीं है। इस प्रकार स्कूल बंद कर देने से बच्चों की पढ़ाई पर बहुत ज्यादा असर पड़ रहा है क्योंकि पूर्व में भी काफी समय तक स्कूल बंद रहे थे। स्कूल बंद से पहले बच्चों के परिजनों द्वारा महंगी फीस जमा करवा दी गई अब ऑनलाइन पढ़ाई कैसे करेंगे, क्योंकि कई इलाकों में इंटरनेट की कमी है।

ऑनलाइन पढ़ाई से अभिभावकों को भी चिंता इस बात की रहती है कि बच्चों को पढ़ाई के लिए 4 से 5 घंटे मोबाइल लेकर बैठना पड़ता है। उसका बच्चों के सेहत पर क्या असर होगा आजकल माता-पिता कुछ ऐसी ही दुविधा से दो-चार हो रहे हैं कि बच्चों को पढ़ना भी जरूरी है, लेकिन उनकी सेहत भी जरूरी है साथ में बच्चे कितने समझ पा रहे हैं यह भी देखना जरूरी है। उनका यह भी कहना है की ऑनलाइन कक्षाओं में जिन बच्चों के अभिभावकों द्वारा स्मार्टफोन की व्यवस्था कर रहे हैं उनको तो ज्यादा पढ़ाई में फर्क नहीं पड़ता लेकिन कम संसाधन वाले बच्चे इस व्यवस्था मे पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे।



# निःशुल्क वात्सल्य भोज कार्यक्रम का शुभारंभ

## एक महीने तक इंदिरा रसोई में चलेगा मुफ्त भोजन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जेएसजीआईएफ नॉर्दन रीजन सामाजिक संस्था के तत्वावधान में जैन सोशल ग्रुप राजधानी जयपुर की देखरेख में मानव सेवा का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 12 शहर, 12 माह निःशुल्क वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है, जिसमें सीकर, सुजानगढ़, नावां, बूंदी, चौमू एवं रेनवाल के पश्चात अब जनवरी से पूरे एक एक महीने के लिए इसे लाडनूँ की इंदिरा रसोई में प्रारम्भ किया गया है। निःशुल्क भोजन कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता स्व. मूलचन्द एवं स्व. हीरादेवी बगडा की पुण्य स्मृति मे राजेंद्र-उषा बगडा निवासी सुजानगढ प्रवासी कलकत्ता-मुम्बई द्वारा करवाया गया है।जिसके लिए लाडनूं कार्यक्रम संयोजक अनिल पहडिया,ताराचन्द अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां प्रतिदिन करीब 150 जरूरतमंद व्यक्ति दोपहर और शाम के भोजन का निःशुल्क लाभ ले रहे हैं।इसके चलते जरूरतमंद लोगों को एक महीने तक इंदिरा रसोई में भोजन थाली के 8 रुपये भी नहीं देने पड़ेंगे संस्था सदैव से सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में संस्था सदस्य सदैव अग्रणी रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com